[This question paper contains 6 printed pages.]

**3433** *Your Roll No.* ..............

**LL.B. / III Term** **BS**

Paper LB-3031 : BUSINESS ASSOCIATION – I

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :– इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Answer any* **Five** *questions.*
**All** *questions carry equal marks.*

*किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

1. Attempt any **two** of the following :

(a) Distinguish between partnership firm and Hindu Joint family.

(b) Effect of non registration of a partnership firm.

(c) Retirement of a partner.

निम्नलिखित में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए :

(क) भागीदारी फर्म और हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब के बीच भेद व्यक्त कीजिए।

(ख) भागीदारी फर्म के अरजिस्ट्रीकरण के परिणाम।

(ग) भागीदार की निवृत्ति।

2. (a) Post Cox V. Hickman (1860) 8 HLC 268 has added a new dimension to the concept of partnership by agreeing that "sharing of profits is only a prima-facie evidence of existence of partnership while conclusive test is that of mutual agency." Comment.

(b) X advanced Rs. 30,000/- to the firm of A & B. Both A & B agreed to carry on business subject to control of X in any respects including the payment of commission of 10% out of profits.

State with reasons whether 'X' is a partner in the said situation.

(क) *पोस्ट कॉक्स* बनाम *हिकमैन* (1860) 8 एच एल सी 268 ने इससे सहमत होकर भागीदारी की संकल्पना में एक नया आयाम जोड़ दिया है कि "लाभ का सहभाजन भागीदारी की विद्यमानता का केवल प्रथमदृष्टया साक्ष्य है जबकि निश्चायक परीक्षण पारस्परिक अभिकरण ही होता है।" टिप्पणी लिखिए।

(ख) X ने A एंड B की फर्म को 30000/- रुपए उधार दिए। A एंड B दोनों कई मामलों में X के नियंत्रण के अध्यधीन कारबार करने के लिए सहमत हो गए जिनमें लाभों में से 10% कमीशन का संदाय करना शामिल है।

सकारण उत्तर दीजिए कि क्या X उक्त स्थिति में एक भागीदार है।

3. (a) "Partners are bound to carry on business of the firm to the greatest common advantage, to be first and faithful to each other and to render true accounts and full information of all things affecting the firm or any partner or his legal representative."

In the light of the above discuss rights & duties of partners in a partnership firm with relevant case law.

(b) A, B & C are partners in a firm. A with consent of B only transferred his interest in the firm to X. What are rights of 'X' against C?

(क) "भागीदार फर्म का कारबार अधिकतम साझा लाभ के लिए चलाने, एक दूसरे के प्रति न्यायोचित तथा निष्ठावान रहने और फर्म को या किसी भागीदार या उसके विधिक प्रतिनिधि को प्रभावित करने वाली सभी वस्तुओं की पूर्ण जानकारी व सही हिसाब-किताब देने के लिए बाध्य होते हैं।"

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए भागीदारी फर्म में भागीदारों के अधिकारों तथा कर्त्तव्यों की विवेचना सुसंगत निर्णय विधि सहित कीजिए ।

(ख) A, B तथा C किसी फर्म में भागीदार हैं । A ने केवल B की सहमति से फर्म में अपने हित X को अंतरित कर दिए । X के C के प्रति क्या अधिकार हैं ?

4. (a) Generally a person who is not a partner in the firm can not be made liable for an act of the firm.

Discuss with case law where the liability of a non partner can arise as a partner.

(b) A and B were partners in a firm. B retired and A continued to carry on a business in the firm's name. A places an order for furniture with P on a letter head that contained the names of A & B as partners on it. Can P bring a suit against B for the price of furniture supplied to A on credit ?

(क) जो व्यक्ति किसी फर्म में भागीदार नहीं है उसे सामान्यत: फर्म के कृत्य के लिए दायी नहीं बनाया जा सकता ।

निर्णय विधि सहित विवेचन कीजिए कि भागीदारेतर व्यक्ति का दायित्व भागीदार के रूप में कब प्रोदभूत हो सकता है ।

(ख) A और B किसी फर्म में भागीदार थे। B निवृत्त हो गया किन्तु A ने फर्म के नाम में कारबार करना जारी रखा। A ने उस लैटरहैड पर P को फर्नीचर का आर्डर दिया जिस पर भागीदार के रूप में A तथा B के नाम का उल्लेख था। क्या P, A को उधार सप्लाई किए गए फर्नीचर की कीमत हेतु B के विरूद्ध वाद ला सकता है ?

5. What are grounds on which a court can order for dissolution of a partnership firm. Does dissolution result in winding up of partnership.

वे कौनसे आधार हैं जिन पर न्यायालय भागीदारी फर्म के विघटन का आदेश दे सकता है। क्या विघटन का परिणाम भागीदारी का परिसमापन होता है ?

6. Who may be an agent ? What are his rights, duties and liabilities ? How the agency can be terminated ?

एजेन्ट कौन हो सकता है ? उसके अधिकार, कर्त्तव्य तथा दायित्व क्या हैं ? एजेन्सी का किस प्रकार अवसान किया जा सकता है ?

7. What was the need of Passing limited liability Partnership Act, 2008.

Distinguish between a company and limited liability partnership ?

सीमित दायित्व भागीदारी अधिनियम, 2008 को पारित करने की क्या जरूरत थी ? कम्पनी तथा सीमित दायित्व भागीदारी के बीच भेद व्यक्त कीजिए।

8. Write notes on any **two** of the following :

(a) Position of Minor under the Partnership Act, 1932

(b) Implied Authority of a partner in the firm

(c) Partnership firm at will

निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए :

(क) भागीदारी अधिनियम, 1932 के अन्तर्गत अवयस्क की स्थिति।

(ख) फर्म में भागीदार का विवक्षित प्राधिकार।

(ग) इच्छाधारित भागीदारी फर्म।